53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 21.2°c अधिकतम 34.9 °c

अमृतवाणी
हर समस्या का समाधान है, कुछ मुश्किल तो कुछ आसान है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

हर चेहरे पे खुशहाली सरकार की प्राथमिकता है : योगी



सूर्योदय - 5:35, सूर्यास्त - 6:58 | वर्ष : 53/ अंक : 123 | सोमवार, 05 मई 2025 | वैशाख, शुक्ल पक्ष, अष्टमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

जो खुशी में भी खुश नहीं होते.... ऐसे चेहरे भी हैं जमाने में......





## देख तेरे प्रदेश की हालत क्या हो गयी महाराज...



# भगवान के नाम पर भी खुलकर हो रहे भ्रष्टाचार के नंगे नाच

**मुजफ्फरनगर, 04 मई (बु.)।** आए दिन पूरे प्रदेश सहित मुजफ्फरनगर में भ्रष्टाचार के नंगे नाच की खबर सुनने व देखने को मिलती है। न सरकार का कोई खौफ और जनपद में बैठे सत्ताधारी नेता तो पहले से ही हर बात को नजरअंदाज किये हुए है। जब तक पीड़ित की पीड़ा मीडिया के माइक तक नहीं पहुंचती या समाचारों की सुर्खियां नहीं बनती, जब तक यहां न्याय किसी को नहीं मिलता। उस न्याय को पाने के लिए भी चीख-चीखकर सबूत देकर बताना पड़ता है कि आखिर वह सच बोल रहा है। शाहपुर थाना क्षेत्र के हरसौली के निकट स्थित एक मंदिर के भगतजी का एक ऐसा ही उदाहरण सामने आया है, जिनसे खाकी वर्दी वालों ने इंसान तो क्या भगवान के दर को भी नहीं छोड़ा। उक्त मामला जब सोशल मीडिया पर मय सबूतों के सुर्खियां बना तो एसएसपी साहब को मजबूरन तीन लोगों के खिलाफ कार्यवाही करनी पड़ी। आरोप लगने के बाद डीआईजी व एसएसपी ने हैड कांस्टेबल उमेश, सिपाही ऋतिक को निलम्बित कर दिया वहीं हरसौली चौकी प्रभारी गजेन्द्र सिंह को लाइन हाजिर किया है।




आपको बता दें कि शाहपुर थाना क्षेत्र के हरसौली गांव में 60 साल पुराना एक शिव मंदिर है। शिव मंदिर के महंत सुखपाल पिछले डेढ़ महीने से अलग-अलग तरह से ब्लैकमेल किये जा रहे थे। सारी हदें तो तब पार हो गयी जब शाहपुर प्रभारी दीपक कुमार द्वारा उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने में नाम पर पहले भगत सुखराम से टाइल्स लगाने के नाम 31 हजार रुपये का पेमेंट कराया गया उसके बाद चौकी इंचार्ज गजेन्द्र सिंह ने 21 हजार रुपये, सिपाही ऋतिक के घर पर एसी लगाने के नाम पर 30 हजार और हद तो तब पार हो गयी जब सिपाही उमेश ने शराब के ठेके पर लगातार ऑनलाइन पेमेंट कराया। महंत सुखराम का कहना है कि अपनी अय्याशियां पूरी करने के लिए जब लगातार उनका शोषण होता रहा और अंत में बैट्रा लगवाने के नाम पर 15 हजार की डिमांड की गयी तो वह पूरी तरह से मानसिक रूप से प्रताड़ित हो गये और महंत ने इस मामले को पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान के संज्ञान में डाला, जिसके बाद भी जब कुछ नहीं हुआ तो महंत ने पूरे मामले को मीडिया के सामने रख दिया। इसके बाद जब सोशल मीडिया पर यह मामला चला तो चार घंटे के अंदर एसएसपी अभिषेक सिंह को कार्यवाही करनी पड़ी, जिसमें हैड कांस्टेबल उमेश, सिपाही ऋतिक को निलम्बित कर दिया वहीं हरसौली चौकी प्रभारी गजेन्द्र सिंह को लाइन हाजिर किया है। साथ ही तीनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच बैठाई गयी है।

**एसएसपी अभिषेक सिंह ने हैड कांस्टेबल उमेश, सिपाही ऋतिक को निलम्बित कर दिया वहीं हरसौली चौकी प्रभारी गजेन्द्र सिंह को किया लाइन हाजिर**





### रोज लग रहा योगी सरकार की साख पर बट्टा, जनता का नेताओं से मन हो रहा खट्टा

**मुजफ्फरनगर, 04 मई (बु.)।** आए दिन मुजफ्फरनगर जनपद ही नहीं पूरे उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार के नंगे नाच के उदाहरण सामने आ रहे हैं। बड़ी बात यह है कि अपने आपको साफ-स्वच्छ बताने वाली सरकार की साख पर आए दिन बट्टा लग रहा है। मानों या ना मानो इस सरकार में सरकारीकर्मी तो आकंठ तक डूबे ही हैं, मगर यह तस्वीर भी साफ होने लगी है कि बिना नेताओं की सह के भ्रष्टाचार नामूमकिन है। यदि यह भ्रष्टाचार इस सरकार में भी हो रहे हैं तो फिर इस सरकार के नेता किस बात के ईमानदार बने फिरते हैं। यदि उन्हें भ्रष्टाचारों का पता ही तब लगता है जब मीडिया उनका भंडाफोड़ करती है तो जनता ने नेताओं को कुर्सी पर बैठाया ही किसलिए था। एक जनप्रतिनिधि का काम अपने क्षेत्र में आमजन की पीड़ा को दूर करना होता है। यहां तो पीड़ा आने से पहले दूर क्या होगी, ढोल पीट-पीटकर बजाने के बाद भी नेता अपनी धींगामुश्ती में मस्त रहते हैं। शाहपुर मंदिर प्रकरण में यदि मंदिर संभालने वाले भगत सुखराम मीडिया के माइक तक न पहुंचते तो अभी भी यह मामला ठण्डे बस्ते में पड़ा रहता। ऐसे में प्रत्येक दल के नेता पर सवाल उठते हैं कि आखिर क्या कुर्सियों पर कब्जा करने के लिए ही नेता लोक लुभावने वादे वोट लेते समय करते हैं। जब इनसे थानों के मामूली सिपाहियों का भ्रष्टाचार ही नहीं रुक पाता वो भी ऐसा जो भगवान के मंदिर के नाम पर होता है। आम इंसान तो भ्रष्टाचार से निजात दिलाने के जोरदार वादे करने वाली भाजपा सरकार भ्रष्टाचार रोकने में हर महकमे में फेल दिखती है। जिसके जिम्मेदार उन्हीं नेताओं को माना जाएगा जो सत्ता पर काबिज होकर सिर्फ उसकी मलाई चाटना जानते हैं, जनता के दुख दर्द से उनका कोई लेना-देना नहीं है। दिखावा करने के लिए बड़ी-बड़ी बातें करना नेताओं ने पहले से ही खूब सीख रखा है। ऐसे में यही माना जायेगा कि सपा-बसपा-कांग्रेस-भाजपा नेताओं में कोई फर्क नहीं रह गया है। सत्ता पाने के बाद सब नेता एक ही थाली के चट्टे बट्टे जैसे लगते हैं।

### रामबन में सेना का वाहन 700 फीट गहरी खाई में गिरा; 3 जवान बलिदान

**जम्मू, 4 मई (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में सेना का वाहन खाई में गिर जाने से तीन जवान बलिदान हो गए। बताया गया है कि सेना का वाहन फिसलकर 700 फीट गहरी खाई में गिर गया। हादसा श्रीनगर की ओर जा रहे सेना के काफिले के दौरान बैटरी चश्मा क्षेत्र में हुआ। रविवार को जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में एक बड़ा हादसा हो गया। सेना का ट्रक



फिसलकर करीब 700 फीट गहरी खाई में जा गिरा। इस दर्दनाक हादसे में सेना के तीन जवान बलिदान हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हादसा नेशनल हाईवे-44 पर बैटरी चश्मा के पास सुबह 11:30 बजे हुआ। सेना का यह ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहे एक काफिले का हिस्सा था। हादसे के तुरंत बाद, एसडीआरएफ, पुलिस, सेना और स्थानीय स्वयंसेवकों ने मिलकर बचाव अभियान चलाया। दुर्घटना में वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार तीन सैनिक बलिदान हो गए। शहीद हुए सैनिकों का नाम सुजीत कुमार, अमित कुमार, और मन बहादुर है। उनके शवों को खाई से बाहर निकाला जा रहा है। हादसा इतना दर्दनाक है कि वाहन दुर्घटना के बाद लोहे के ढ़ेर में तब्दील हो गया। सेना और प्रशासन दोनों ने जवानों के बलिदान पर शोक व्यक्त किया है। दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

### अनंत अंबानी का फिर दिखा भक्ति रूप, पत्नी राधिका मर्चेंट के साथ गंगा नदी की पूजा करने पहुंचे

**हरिद्वार, 04 मई (एजेंसी)।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी रविवार को अपनी पत्नी राधिका मर्चेंट के साथ रविवार को हरिद्वार



पहुंचे। इस दौरान उन्होंने हर की पैड़ी पर विधिपूर्वक गंगा पूजा किया और मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया। उनका यह धार्मिक दौरा केवल एक पारंपरिक पूजा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें गंगा के प्रति उनकी गहरी आस्था और श्रद्धा भी झलकती दिखाई दी। पूजा के दौरान अनंत और राधिका ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गंगा आरती में भाग लिया और दीप प्रवाहित कर मां गंगा से आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच अंबानी दंपती की उपस्थिति ने मौके को और भी खास बना दिया। अनंत अंबानी की यात्रा को ध्यान में रखते हुए हर की पैड़ी और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

# आतंकी बताने वाली कैराना सांसद पर मुकदमे की हिम्मत नहीं जुटा पाया प्रशासन, रंडवों की सरकार कहने वाले पर मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 4 मई (बु.)।** शनिवार को भाकियू द्वारा जीआईसी मैदान में किसान सम्मान बचाओ रैली का आयोजन किया गया था, जिसमें वक्ताओं ने बढ़-चढ़कर अपना बड़बोलापन दिखाते हुए जो मुंह में आया वह

**टाउन हॉल में हूटिंग करने वालों को कैराना सांसद ने मंच से बताया था आतंकी**

कहने से कोई गुरेज नहीं की। कैराना सांसद इकरा हसन ने मंच से रैली में मौजूद राकेश टिकैत पर हूटिंग करने वाले लोगों की तुलना आतंकियों से करते हुए कहा कि ऐसे लोग भी आतंकी से कम नहीं हैं। वहीं दूसरी ओर भारतीय किसान यूनियन (बेदी) गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल बेदी ने बेखौफ होकर रंडवों की सरकार बताते हुए यह तक कह डाला था कि



दस मिनट का समय दे दो, जिन लोगों ने राकेश टिकैत की पगड़ी गिराने का काम किया है, उनका सिर कलम कर देंगे। राहुल बेदी का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद थाना सिविल लाइन पुलिस ने हिम्मत जुटाते हुए उनके खिलाफ भड़काऊ भाषण मामले में बीएनएस-2023 धारा-196, 299, 353(2), 351(2) में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन बेदी गुट सहारनपुर जिले के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल बेदी के खिलाफ सिविल लाइंस प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने खुद अपने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। वीडियो से प्रतीत हो रहा है कि उन्होंने भड़काऊ भाषण देकर दो वर्गों में वैमनस्यता फैलाने और मंच से हत्या करने की धमकी दी है। उन्होंने बताया, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### शायद एयर पिस्टल के आगे कॉर्क लगाकर फायर कर दहशत फैलाने वाले पुलिस की निगाह में दोषी नहीं?

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार को किसान सम्मान बचाव रैली के नाम पर यूं तो पूरे शहर में जमकर हुड़दंगबाजी हुई। पूरा दिन शहर में दहशत का माहौल बना रहा और निरंकुश होकर भाकियू कार्यकर्ता सिर्फ लाठी डंडे ही नहीं दिखाते दिखाई पड़े, बल्कि ट्रैक्टर पर बैठकर खुलेआम एयर पिस्टल के आगे कॉर्क लगाकर फायर कर दहशत फैलाने का काम किया था। उक्त वीडियो वायरल होने के 24 घंटे बाद तक भी शायद पुलिस प्रशासन को इसमें कोई अपराध नहीं दिखाई दिया। समाचार लिखे जाने तक उन लोगों की तस्वीर साफ वीडियो में दिखाई देने के बावजूद भी उनके खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। आम जनता में दहशत फैलाने वाले इन लोगों पर यदि मुकदमा नहीं होता तो यह तस्वीर साफ हो जाएगी कि पुलिस प्रशासन ही नहीं बल्कि पूरा शासन फिलहाल भाकियू के दबाव में है और लाठी-डंडे ही नहीं वे जिस तरह से चाहें उस तरह से शहर में तांडव कर सकते हैं। इस तांडव के खिलाफ जब पुलिस प्रशासन के बोलने की ही कोई हिम्मत नहीं है तो आम आदमी की कहां हिम्मत कि इस तांडव को रोक सके। ऐसे में यह वीडियो पुलिस प्रशासन की कार्यवाही पर सौ सवाल खड़े कर रही है।



### बुलेटिन सोशल मीडिया पर डेढ़ लाख लोगों के देखने जाने के बाद अब नेशनल चैनलों की सुर्खियां बनेगी वीडियो

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार को मुजफ्फरनगर बुलेटिन के सोशल मीडिया नेटवर्क के माध्यम से जारी की गयी एयर पिस्टल के आगे कॉर्क लगाकर फायर करने वाली वीडियो मुजफ्फरनगर बुलेटिन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगभग 1.5 लाख लोगों ने देखी है। उक्त वीडियो नेशनल चैनलों तक ने देखी और उसके बाद इस एक्सक्लूसिव वीडियो को बुलेटिन से अनुरोध करके मांगा गया। अनुरोध पर बुलेटिन द्वारा उक्त वीडियो दे दी गयी। अगले एक दो दिन में ये वीडियो नेशनल चैनल की सुर्खियां बन सकती हैं। इस मामले में प्रशासन अभी तक तो कुछ नहीं कर पाया, हो सकता है नेशनल चैनलों पर उक्त वीडियो चलने पर प्रशासन जाग जाए और साफ साफ फायर करते दिखाई दे रहे इन लोगों पर कोई कार्यवाही कर सके और समाज में यह संदेश जा सके कि उपद्रव कोई भी मचायेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

### मसूरी के कैंपटी वाटर फॉल ने लिया रौद्र रूप

**मसूरी, 04 मई (एजेंसी)।** पहाड़ों की रानी मसूरी और कैम्पटी क्षेत्र में हुई भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पर्यटन





स्थल कैम्पटी फॉल में भारी बारिश से प्राकृतिक वाटर फॉल ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस वाटर फॉल के रौद्र रूप में आने से आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन राहत की बात यह रही कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। कैम्पटी पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से पर्यटकों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया और फॉल के आसपास जल स्तर कम होने तक निगरानी बढ़ा दी। हालांकि फॉल का रौद्र रूप देखकर कुछ देर के लिए डर का माहौल बन गया, कैम्पटी फॉल में देर शाम को सब कुछ सामान्य हो गया।

## प्रेम प्रसंग में लड़की के परिजनों ने प्रेमी को फोन पर बुलाया और की जमकर पिटाई

**मुजफ्फरनगर, 4 मई (बु.)।** तितावी थाना क्षेत्र के गांव बुड़ीना कला में एक प्रेमी की फोन पर बुलाकर जमकर धुनाई की गयी। दरअसल बागपत के रहने वाले एक युवक का लम्बे समय से तितावी थाना क्षेत्र के गांव बुड़ीना कला की एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के परिजनों को जब इस बात का पता चला तो लड़की के परिजनों ने प्रेम युवक जोनी को समझाने का प्रयास किया बावजूद उसके दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चलता रहा और युवक नहीं माना। इसी बीच लड़की के परिजनों ने बागपत के हिलावड़ी निवासी जोनी नाम के इस युवक को फोन पर चिकनी चुपड़ी बातें कर तितावी थाना क्षेत्र में अपने गांव बुड़ीना कलां ही बुला लिया। युवक जोनी इस विश्वास में बुड़ीना कलां पहुंचा कि हो सकता है कि परिजन उन दोनों के प्रेम प्रसंग को स्वीकार कर लें और रिश्ता होने की बात आगे बढ़ाएंगे मगर युवक के वहां पहुंचते ही पूरा मामला उल्टा पड़ गया। यहां लड़की के परिजनों ने जोनी पुत्र विनोद पर जानलेवा हमला करते हुए उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

मारपीट के बाद वह बेहोश हो गया और लड़की के परिजन उसे मारने के बाद उसे मरा समझकर पास के जंगल मे फेंककर चले गए। आते-जाते गांव के किसी युवक ने प्रेमी युवक जोनी को जंगल में पड़ा देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी गयी। तत्काल तितावी पुलिस मौके पर पहुंची और मरणासन्न अवस्था में पड़े जोनी को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहाँ डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए मेरठ के लिए रैफर कर दिया। युवक की पिटाई की सूचना जब उसके परिजनों को लगी तो युवक की मां सुदरी की ओर से सात लोगों सूरज, संदीप, जयप्रकाश, रोहन, पुत्रगण नरेन्द्र, दीपक पुत्र धर्मेन्द्र, जतिन पुत्र पप्पन निवासी बुड़ीना कलां व अमर पुत्र सुनील हिलवाड़ी जनपद बागपत के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। इस मामले में आरोपी सभी लोग फरार हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

### सांड की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फिरोजाबाद 04 मई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले के थाना मक्खनपुर क्षेत्र में एक आवारा सांड से बाइक सवार युवक टकरा गया जिससे उसकी मौत हो गई। थाना मक्खनपुर क्षेत्र के तहत मे शनिवार रात गांव जेवड़ा के समीप एक बाइक सवार युवक की सड़क पर घूमते हुए आवारा सांड से टक्कर हो गई। टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान राहुल (28) पुत्र वीरेशवर निवासी आरोज थाना शिकोहाबाद के रूप में की गई। पुलिस द्वारा सूचना मिलने पर परिजन भी पहुंच गए। रविवार को युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

## दो बाइकों की भिड़ंत में महिला की मौत

**मुजफ्फरनगर, 04 मई (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के रुड़की रोड पर बाइक की टक्कर लगने से दूसरी बाइक पर पीछे बैठी महिला बाइक से नीचे गिर गयी, सिर में गंभीर चोट लगने से महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को रैफर किया गया, जहां उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुरकाजी निवासी इसरार फरीदी अपनी पत्नी समीना के साथ बाइक पर अपने बेटे की ससुराल के रिश्तेदार को देखने के लिए मुजफ्फरनगर आए थे। वापस लौटते हुए शहर कोतवाली क्षेत्र रुड़की रोड पर पीर के पास उनकी बाइक में दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पीछे बैठी समीना सड़क पर गिर गयी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आयी। घायलावस्था में समीना को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उसे रैफर कर दिया गया। प्राइवेट अस्पताल में उपचार के दौरान समीना की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। बताया जाता है कि महिला ने 23 मार्च को अपने बेटे की शादी की थी।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर पत्नी की मौत पति गंभीर घायल

**खतौली, 04 मई (बु.)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अतरपुरा के निकट अज्ञात ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर लगने से बाइक सवार पति घायल हो गया जबकि पत्नी की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सायं खतौली के गांव अतरपुरा के निकट भूड़ पुलिस चौकी क्षेत्र में बाइक सवार पति पत्नी की एक अज्ञात ट्रैक्टर ट्रॉली की भिड़ंत हो गयी। सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल 40 वर्षीय ममता पत्नी रामकुमार की मौत हो गयी वहीं घायल पति रामकुमार पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी गांव सिकंदरपुर को गंभीर स्थिति में हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया गया। कोतवाली पुलिस द्वारा मृतका के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया।



## प्रेम प्रसंग के चलते एक अन्य प्रेमिका युवती ने युवक और घर की महिलाओं को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**मुजफ्फरनगर, 4 मई (बु.)।** तितावी थाना क्षेत्र के अमीरनगर गांव की एक युवती की शादी दो वर्ष पहले शाहपुर क्षेत्र के गांव कुटबा में हुई थी। पुलिस के अनुसार शादी से पहले ही युवती का थानाभवन क्षेत्र के कुराड़ निवासी युवक से चल रहा था। युवती की शादी होने के एक सप्ताह बाद भी युवती अपने पहले प्रेमी थानाभवन निवासी के घर चली गयी। जब कुटबा निवासी युवक को इस बात का पता चला तो उसने शाहपुर थाने पर अपनी पत्नी के प्रेमी के साथ चले जाने की सूचना दी। इसी बीच कुराड़ निवासी युवक की तितावी के ही गांव अलीपुर खुर्द की एक विधवा महिला से सोशल मीडिया इंस्टाग्राम के मध्यम से जान पहचान हुई औरर बातचीत करते-करते उसका विधवा महिला से प्रेम प्रसंग हो गया। बताया जाता है कि विधवा महिला के पति की डेढ़ वर्ष पहले मौत हो गयी है। कुराड़ के इस युवक ने विधवा महिला से अपनी पहली प्रेमिका की बात छिपाकर उससे प्रेम करता रहा यहां तक कि मौका मिलने पर युवक अक्सर विधवा प्रेमिका से मिलने अलीपुर खुर्द आता-जाता रहा। शुक्रवार को पहली प्रेमिका को अपने प्रेमी पति के प्रेम सम्बंधों का पता चला तो पहली प्रेमिका अपने साथ एक युवक व घर की अन्य कुछ महिलाओं को लेकर विधवा महिला के गांव अलीपुर खुर्द पहुंची जहां विधवा महिला को उसी के घर में घुसकर पीटा गया। विधवा महिला किसी तरह से जान बचाकर भागने लगी तो पहली प्रेमिका ने उसे दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। दो प्रेमिकाओं के बीच हुई इस जंग को क्षेत्र के लोग तमाशबीन बनकर देखते रहे और वीडियो बनाते रहे। घटना का ये वीडियो क्षेत्र के लोगों ने मोबाइल में कैद कर सोशल मीडिया पर प्रसारित किया तो एसएसपी ने उक्त मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस को जांच कर कार्यवाही के आदेश दिये, जहां पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## महराजगंज : ज्वेलरी की दुकान में दिनदहाड़े लूट

**महराजगंज 04 मई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले के भिटौली थाना क्षेत्र के धर्मपुर चौराहे पर रविवार को एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां तीन अज्ञात बदमाशों ने एक ज्वेलरी की दुकान को दिनदहाड़े अपना निशाना बनाया। असलहों से लैस बदमाशों ने दुकान में घुसकर ज्वेलरी और नकदी लूट ली और फरार हो गए। पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, दोपहर के समय तीन अज्ञात व्यक्ति धर्मपुर चौराहे पर स्थित ज्वेलरी की दुकान में ग्राहक बनकर दाखिल हुए। कुछ देर बाद, उन्होंने अचानक हथियार निकाल लिए और दुकानदार को धमकाते हुए दुकान में रखी ज्वेलरी तथा नकदी लूट ली। लूटपाट के दौरान, बदमाशों और दुकानदार के बीच हाथापाई भी हुई, जिसमें दुकानदार ने एक बदमाश से उसका असलहा छीन लिया। हालांकि, बदमाश मौके का फायदा उठाकर कुछ ज्वेलरी लूटने में सफल रहे और फरार हो गए। इस दुस्साहसिक घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही महराजगंज के पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। लुटेरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और घटना का खुलासा कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाए। श्री मीना ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास के



उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और पीड़ित दुकानदार से घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली। एसपी ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि बदमाशों की पहचान की जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि संदिग्धों की तलाश के लिए पुलिस की विशेष टीमें गठित कर दी गई हैं ।

## बदरीनाथ मंदिर के कपाट खुले, सीएम धामी ने भी किए दर्शन, पीएम मोदी के नाम से हुई पहली पूजा

**देहरादून, 04 मई (एजेंसी)।** भू-बैकुंठ बदरीनाथ मंदिर के कपाट रविवार को सुबह 6 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। जय बदरीनाथ... के उद्घोष के साथ करीब 15 हजार तीर्थयात्रियों ने बदरीनाथ की अखंड ज्योति के साथ ही भगवान बदरीविशाल के दर्शन किए। बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही उत्तराखंड की चारधाम यात्रा भी विधिवत रूप से शुरू हो गई है। धाम पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भगवान बदरीविशाल के दर्शन करने के बाद पहली महाभिषेक पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से की और देश व राज्य की सुख समृद्धि की कामना की। इसी के साथ ही बदरीनाथ मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मी मंदिर, गणेश मंदिर समेत आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी की पूजाएं भी शुरू हो गई हैं। रविवार को सुबह चार बजे बीकेटीसी (बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति) के अधिकारी व कर्मचारी मंदिर परिक्रमा स्थल पर पहुंचे। इसके बाद साढ़े चार बजे कुबेर की उत्सव डोली को दक्षिण द्वार से मंदिर के मंडप में प्रवेश कराया गया और लक्ष्मी की मूर्ति को उनके मंदिर में स्थापित किया गया। सुबह साढ़े पांच बजे बदरीनाथ द्वार पूजन होने के बाद रवि पुष्य योग में सुबह ठीक छह बजे बदरीनाथ मंदिर के कपाट खोल दिए गए। बदरीनाथ सिंहद्वार पर पंक्तिबद्ध होकर वेद वेदांग संस्कृत महाविद्यालय ज्योतिर्मठ के छात्रों और शिक्षकों ने विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ किया।





1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## ऊपर से मासूम और अन्दर से शैतान

पहलगाम हमला ऊपर से मासूम दिखने वाले और अन्दर से शैतान होने वाले लोगों के बड़े नेटवर्क की बड़ी मेहनत का नतीजा है। दोहरे चरित्र वाले,जिनके दिल में कुछ और जबान पर कुछ होता है, ऐसे लोगों के तालमेल का नतीजा है यह बर्बर हमला। इन शैतानों के दोस्तों को अंग्रेजी में 'ओवरग्राउंड वर्कर्स' कहा जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले में लश्कर-ए-तय्यबा के साथ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और वहां की सेना की मिलीभगत का खुलासा हुआ है। एनआईए ने कश्मीर घाटी के करीब 20 ओवरग्राउंड वर्कर्स की पहचान की है। इन पर हमलावर आतंकियों की मदद करने का आरोप है। एजेंसी इन सभी से पूछताछ कर रही है। ऐसे ऊपर से मासूम और अन्दर से शैतान घाटी में बड़ी तादाद में हैं। फारूक अब्दुल्ला ने भी इस बारे में कहा है कि बिना लोकल सपोर्ट के ऐसी घटना नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि मैं नहीं समझता हूं कि ये चीजें हो सकती है जब तक कोई इनका साथ न दें, वो वहां से आए, किस तरह आए? हालांकि महबूबा मुफ़्ती को फारूक अब्दुल्ला का यह बयान अच्छा नहीं लगा। कश्मीर में बहुत विकास हुआ है, मगर बदलाव नहीं हुआ। धारा 370-35ए हट गयी,एक बहुत बड़ी बाधा हटी, लेकिन वातावरण जहरीला ही रहा, जिसका परिणाम यह हमला है। ओवरग्राउंड वर्कर्स की मौजूदगी बताती है कि वहाँ विकास होते रहने के बावजूद, आतंकियों से सहानुभूति और पाकिस्तान से मोहब्बत में कमी नहीं आयी। यह अलग बात है कि वहाँ कुछ लोग इस हमले का दिखावटी विरोध कर रहे हैं, जब तक वहाँ ओवरग्राउंड वर्कर्स की मौजूदगी, आतंकियों से सहानुभूति और पाकिस्तान से मोहब्बत रहेगी, वहाँ कुछ नहीं बदलेगा,चाहे सरकार कश्मीर के लिए कुछ भी करले। विकास के साथ-साथ सरकार ने वहाँ ऐसे बहुत से लोगों को सरकारी नौकरी से हटाया जो ओवरग्राउंड वर्कर्स थे, आतंकियों की मदद करते थे, पाकिस्तान से मोहब्बत के चलते भारत की मुखालफत करते थे, लेकिन अब भी वहाँ ऐसे लोग हैं, उन्होंने अपना रंग रूप बदल लिया है ऊपर से मासूम दिख रहे हैं और अन्दर से शैतान हैं। ऐसे लोगों की पहचान होनी चाहिए, नहीं तो ऐसे हमलों में इन्सानियत के कत्ल के साथ, कश्मीरीयत, भाईचारे, मोहब्बत और गंगाजमनी तहजीब का भी कत्ल हो जाएगा।किसी शायर ने कहा है-

भाईचारा और मोहब्बत आज यूँ खतरे में है,
आदमी में फितरते शैतान शामिल हो गयी।
मेरे मालिक अम्न दे, शैतान की पहचान दे,
आजकल शैतान की पहचान मुश्किल हो गयी।

वास्तव में आजकल शैतान की पहचान मुश्किल हो गयी है। ये मासूम चेहरों के साथ घाटी में भी हैं और देश भर में भी। जांच में पता चला है कि दो हमलावर हाशमी मूसा उर्फ सुलेमान और अली भाई उर्फ तल्हा पाकिस्तानी नागरिक हैं। ये पाकिस्तान में बैठे अपने सरगनाओं के लगातार संपर्क में थे और उनसे निर्देश ले रहे थे। जांच में खुलासा हुआ कि हमलावर हमले से कुछ हफ्ते पहले ही सीमापार से घुसपैठ कर कश्मीर में दाखिल हुए थे। उन्हें इसमें स्थानीय ओवरग्राउंड वर्कर्स ने मदद की। इन स्थानीय शैतानों ने आतंकियों को रहने की जगह मुहैया कराने के साथ ही पूरे इलाके के चप्पे-चप्पे की जानकारी दी और आने-जाने में सहायता की। आतंकियों ने बायसरन घाटी, अरु घाटी, बेताब घाटी और एक स्थानीय मनोरंजन पार्क की रेकी की थी। सुरक्षा व्यवस्था कम होने के चलते हमलावरों ने बायसरन को अपना निशाना बनाया। एनआईए अब तक 2800 से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी है। इसके अलावा 180 से अधिक लोग अभी हिरासत में हैं। हिरासत में लिए गए संदिग्ध ओवर ग्राउंड वर्कर, जमात-ए-इस्लामी और हुर्रियत के विभिन्न गुटों से जुड़े लोग हैं। खुफिया एजेंसियों को जो इनपुट मिले थे, उसके अनुसार आतंकियों के निशाने पर वंदे भारत ट्रेन थी। जांच एजेंसियों की जांच में खुलासा हुआ है कि कटरा से श्रीनगर के लिए पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी की यात्रा के दौरान आतंकी हमला करना चाहते थे। देश की सर्वाधिक गति वाली ट्रेनों में से एक वंदे भारत के कश्मीर तक पहुंचने से वे बौखलाए हुए थे। वे इस ट्रेन के उद्घाटन के अवसर ही पर हमला करना चाहते थे, जब इसके उद्घाटन की तारीख टल गई, तो आतंकियों ने पहलगाम में पर्यटकों का नरसंहार कर दिया। पाकिस्तान में भी ऊपर से मासूम और अन्दर से शैतान होने वाले लोगों की पोल खुलने लगी है। पाकिस्तान के पंजाब में, जहाँ फौज को प्यार ही प्यार मिलता था, वो ऐसी जगह थी, जहाँ लोग गाते थे, मेरया ढोल सिपाहिया तैनूं रब्ब दियां रखां और जहाँ गाने बजते थे, मेरा माही छैल-छबीला हाय नी करनैल नी, जरनैल नी। उसी पाकिस्तान के पंजाब में लोग सेना के बारे में ये कहने लग पड़े थे कि ये कैसे कब्जा ग्रुप के जाल में फंस गए हैं। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी टीवी एंकरों ने अपने-अपने स्टूडियो में मोर्चे बांध लिए, कई पाकिस्तानियों को फौज का प्यार दोबारा याद आया, जैसे कभी बिछड़े साजन की याद आती है। इसे धरती का प्यार कह लो या मजबूरी, क्योंकि अगर भारत ने हमला किया, तो जंग तो फौज ही लड़ेगी। यानी अजीबो गरीब माहौल है, पाकिस्तान में सेना की मजबूरी में इज्जत है, दिल से नहीं। दूसरी तरफ एक हैरान करने वाली बात सामने आयी है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा है कि राहुल गांधी अब हिंदू धर्म का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने उन्हें हिंदू धर्म से सार्वजनिक रूप से बहिष्कृत करने की घोषणा की है। इस घोषणा से बड़ी हैरानी हो रही है। बद्रीनाथ स्थित शंकराचार्य आश्रम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि राहुल गांधी ने संसद में मनुस्मृति के संदर्भ में जो बयान दिया, उससे संपूर्ण सनातन धर्मावलंबी आहत हैं। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी को तीन माह पूर्व एक नोटिस भेजा गया था, जिसमें उनसे यह स्पष्ट करने को कहा गया था कि उन्होंने जो बात कही है, वह मनुस्मृति में कहां लिखी हैं? लेकिन इतने समय के बाद भी न तो राहुल गांधी ने कोई जवाब दिया और न ही माफी मांगी, जब कोई व्यक्ति लगातार हिंदू धर्मग्रंथों का अपमान करता है और स्पष्टीकरण देने से बचता है, तो उसे हिंदू धर्म में स्थान नहीं दिया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब राहुल गांधी का मंदिरों में विरोध होना चाहिए और पुजारियों से अपील की कि वे उनकी पूजा न करें, क्योंकि वे अब स्वयं को हिंदू कहने के अधिकारी नहीं हैं।

### चार तीर

सुनील उत्सव


"चेतना" "जिन्दगी" "अहम" "सीख"

टूट जाता है अहम और दिखने लगती है कमी,
सीख भी मिलती है प्यारे आदमी को हार से।
तुम भले अकड़े रहो या जियो होकर नरम,
जिन्दगी तो चल रही है अपनी ही रफ़्तार से।

## आज मंडी क्षेत्र की 3 घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

मुजफ्फरनगर, 04 मई (बु.)। वेस्ट यूपी में गर्मी की दस्तक के बीच पॉवर कारपोरेशन की ओर से विद्युत लाइनों के रखरखाव एवं व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने का क्रम जोरों पर है। सोमवार को इसी क्रम में 33/11 केवी मंडी समिति बिजलीघर की 11 केवी स्टेट बैंक कॉलोनी व नई मंडी की लाइन का विभक्तिकरण कार्य किया जाना है। बिजनेस प्लान 2024-25 के अंतर्गत होने वाले इस विभक्तिकरण के कारण नई मंडी बिजली घर पर वीसीबी स्थापित की जाएगी। इस संबंध में नई मंडी बिजली घर के एसडीओ ने क्षेत्र के तमाम विद्युत उपभोक्ताओं को अवगत कराया है कि इसके चलते सभी 11 केवी फीडर बंद रहेंगे, इसके कारण बिजलीघर से जुड़े क्षेत्र स्टेट बैंक कॉलोनी, भरतिया कॉलोनी, लक्ष्मण विहार, जैन मिलन विहार, कंबल वाला बाग, कूकड़ा, चौड़ी वाली गली, पटेल नगर, गांधीनगर, नई मंडी आदि की विद्युत आपूर्ति सोमवार 5 मई में दोपहर 12 बजे से अपराह्न 03 बजे तक बाधित रहेगी।







## श्री पद्मावती लक्ष्मी देवालय में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान आयोजित

### - पालिका चेयरपर्सन ने किया मंदिर प्रांगण में पूजन-अर्चन

मुजफ्फरनगर, 04 मई (बु.)। श्री पद्मावती लक्ष्मी देवालय में रविवार को भव्य प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का आयोजन बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। नई मंडी के संकीर्तन भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के साथ नगर के अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप का मंदिर कमेटी पदाधिकारी एवं आयोजकों द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान पालिका चेयरपर्सन ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के धार्मिक कार्यक्रम में उपस्थित होने का अवसर मेरे लिए सौभाग्य की बात है। यह मेरे लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण हैं कि मैं इस धार्मिक अनुष्ठान का हिस्सा बनी और मां लक्ष्मी के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित कर सकी। आयोजन को सफल बनाने में श्रीगोपाल ट्रेडिंग कंपनी व आदित्य वेयर हाउसिंग प्रा. लि. का विशेष योगदान रहा। मंदिर परिसर में संपन्न हुए प्राण प्रतिष्ठा हवन यज्ञ में यजमान के रूप में अनुश्री-आदित्य भरतिया, साक्षी-अंशुमान भरतिया, गौरंग भरतिया एवं कृतविक शामिल रहे। संपूर्ण कार्यक्रम संचालन विनय गोयल प्रधान व देवेंद्र गर्ग मंत्री के नेतृत्व में संकीर्तन भवन की कार्यकारिणी द्वारा किया गया। संकीर्तन भवन में माँ पद्मावती लक्ष्मी की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से विनय गोयल, रामनिवास मित्तल, हरिशंकर मुंदडा, व्यापारी नेता संजय मित्तल, अनिल बाबरी, उद्यमी नरेन्द गोयल, निरंकार स्वरूप, अरुण खंडेलवाल, सुरेंद्र बंसल, आदित्य, मोनिका गोयल, अनीता गोयल, सरिता गोयल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।





## शहीद भगत सिंह सेवा दल ने शुरू की रेलवे स्टेशन पर जल सेवा

मुजफ्फरनगर, 04 मई (बु.)। शहीद भगत सिंह एकता मंच की ओर से बीते 22 वर्षों से रेलवे स्टेशन पर जल सेवा का रविवार को शुभारंभ कर दिया गया। मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर शुरू 23वीं निःशुल्क की गई इस ग्रीष्मकालीन जल सेवा का शुभारंभ रविवार को मीठा शर्बत, छोले चावल एवं हलवा वितरित करते हुए शुरू किया गया। शहर के रेलवे स्टेशन पर प्रारंभ की गई इस जल सेवा के साक्षी बने लोगों को स्वामी ब्रह्मानंद पुरी महाराज, जगपाल सिंह, महात्मा सर्वानन्द पुरी जी महाराज का भी आशीर्वाद प्राप्त हुआ। शुभारंभ अवसर पर सभी अतिथियों ने इस कार्यक्रम की हृदय से प्रशंसा की। शुभारंभ अवसर पर मुख्य रूप से समाजसेवी व उद्यमी भीम कंसल, श्री गुरूसिंह सभा के अध्यक्ष स. सतपाल सिंह मान, सत्यप्रकाश रेशू, अनमोल छाबड़ा, सतीश मलिक, पवन मित्तल, जगदीश नारंग, श्याम मल्होत्रा, स. बलविंदर सिंह, सुनील शर्मा, ऋषभ जैन, कृष्ण मल्होत्रा, प्रमोद प्रजापति, देशराज चौहान, विनोद राठी, राजकुमार साहनी, सचिन छाबड़ा, स. मलकीत सिंह, स. इकबाल सिंह, रमेश सकूजा, सतनाम छाबड़ा, सेवा सिंह, सुखदेव सिंह, अनिल धमीजा, राहुल बंसल, कृष्णा भाटिया, पुष्पेंद्र तोमर, नीलम ढींगरा आदि उपस्थित रहे।

## जिले की बॉक्सर बेटी पहुंची राष्ट्रीय प्रतियोगिता के फाइनल में



मुजफ्फरनगर, 04 मई (बु.)। 68 नेशनल स्कूल गेम्स अंडर 19 गर्ल्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप स्पोर्ट्स कंपलेक्स विनोद नगर दिल्ली में बीते 29 अप्रैल से 5 मई तक आयोजित हो रही प्रतियोगिता में ग्राम धनसेनी जनपद मुजफ्फरनगर की बेटी जिया ने फाइनल में प्रवेश करते हुए जनपद का गौरव बढ़ा दिया। जिया राष्ट्र स्तर प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाली जिले की प्रथम मक्केबाज है। जिला कीड़ा अधिकारी भूपेंद्र सिंह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही जिया ने दिल्ली से दूरभाष पर जिया के पिता नीरज कुमार ने यह शुभ संदेश दिया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिया 48 से 51 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिभा कर रही है व प्रिक्वार्टर फाइनल में जिया ने होस्ट टीम दिल्ली की हर्षिता को प्रथम चक्र में हराकर विजेता बनी। क्वार्टर फाइनल में झारखंड की नीता रोज को द्वितीय चक्र में पराजित करते हुए विजय प्राप्त की। रविवार को जिया ने मेघालय की मुक्केबाज को 50 के अंतर से परास्त करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। इस दौरान क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी सहारनपुर मंडल डॉ. अतुल सिन्हा, प्रभारी जिला क्रीडा अधिकारी भूपेंद्र सिंह, सचिव बॉक्सिंग संघ मुजफ्फरनगर सतीश सहरावत, सचिव मुजफ्फरनगर ओलंपिक संघ अशोक बालियान एवं चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम के सभी प्रशिक्षक एवं बॉक्सिंग के खिलाड़ियों ने जिया को स्वर्ण पदक जीतने के लिए इस बीच शुभकामनाएं दी।



## हर्ष मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में नेत्र रोग शिविर संपन्न, 145 मरीजों की हुई जांच

मुजफ्फरनगर, 04 मई (बुस.)। हर्ष मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, निकट महावीर चौक में आयोजित एकदिवसीय नेत्र रोग शिविर में शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीजों ने भाग लिया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ईशा गुप्ता ने 145 मरीजों की जांच की। शिविर में 30 मरीजों में सफेद मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिनके ऑपरेशन आने वाले दिनों में निःशुल्क किए जाएंगे। यह सेवा आयुष्मान भारत योजना के तहत दी जा रही है, जिसमें मरीजों को ऑपरेशन, दवाइयां और अन्य चिकित्सा सुविधाएं मुफ्त में उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, कई मरीजों में काला मोतिया, नाखूना (पिंगेकुला/टेरेजियम), फरिन बॉडी (आंख में कण फंसना) जैसी समस्याएं पाई गईं, जिनका उपचार किया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच भी निःशुल्क की गई। डॉ. ईशा गुप्ता ने बताया कि सभी ऑपरेशन फेको विधि से किए जाएंगे, जो आधुनिक, दर्दरहित और टांका रहित प्रक्रिया है। उन्होंने यह भी बताया कि वह अब तक सैकड़ों सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन कर चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि डॉ. ईशा गुप्ता ने वेनु आई इंस्टीट्यूट से फैलोशिप प्राप्त की है, साथ ही निर्मल आई इंस्टीट्यूट, ऋषिकेश से प्रशिक्षण लिया है। उन्हें आई केयर, नोएडा में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित भी किया जा चुका है।

## वैश्य अग्रवाल राजवंश सभा की केंद्रीय बैठक संपन्न

### - आय-व्यय के ब्यौरे की प्रस्तुति के साथ कई प्रस्ताव हुए पारित

मुजफ्फरनगर, 04 मई (बु.)। वैश्य अग्रवाल राजवंश सभा द्वारा अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल राजवंश सभा की केंद्रीय बैठक का मौहल्ला लक्ष्मण विहार स्थित राजवंशी धर्मशाला में आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राजवंश सभा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गर्ग व संचालन केंद्रीय महामंत्री संजीव ऐरन व शलभ गुप्ता एड. द्वारा किया गया। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष कुलदीप कंसल, महामंत्री संजीव ऐरन द्वारा माता माधवी, महाराजा अग्रसेन महाराज और अमर शहीद राजा रतन चंद की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प चढ़ाने के पश्चात पांच गायत्री मंत्र का उच्चारण के साथ किया गया। इस दौरान भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों ने वंदे मातरम गीत और स्वागत गान प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में आए अतिथियों को माला एवं पटका पहनकर स्वागत अभिनंदन किया गया। केंद्रीय महामंत्री संजीव ऐरन ने सभी 24 राजवंश सभाओं के अध्यक्ष व मंत्री द्वारा आय व्यय के ब्यौरे और उनके द्वारा किए कार्यों को बैठक में साझा किया। वहीं केंद्रीय कोषाध्यक्ष सतीश गुप्ता ने अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल राजवंश सभा का आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया और 24 सभाओं द्वारा प्राप्त नए प्रस्तावों को करतल ध्वनि के साथ पारित किया गया। बैठक में केंद्रीय सभा अध्यक्ष कुलदीप कंसल, केंद्रीय महामंत्री संजीव ऐरन तथा राजवंश रत्न मेरठ सुरेंद्र प्रकाश ने मुजफ्फरनगर सभा द्वारा राजवंशी धर्मशाला पर राज वंशियों का स्वाभिमान, गौरव अमर





शहीद राजा रत्न चंद्र की मूर्ति अनावरण कार्य सफलता से किया गया, उसके लिए सम्मानित किया गया। वहीं मुजफ्फरनगर राजवंश सभा के महामंत्री शलभ गुप्ता एडवोकेट को समस्त वैश्य सभाओं को एक मंच पर लाने, वैश्य समाज के गौरव के लिए लड़ाई लड़ने व जन आक्रोश रैली में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने पर समाज की राजनीतिक तौर पर मंजबूती प्रदान करने पर राजवंश रत्न सुरेंद्र प्रकाश, इं. प्रणय गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद गर्ग, प्रवीण गुप्ता, संजीव ऐरन ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। अंत में पहलगाम में आतंकी हमले में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए शांति पाठ और दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में वैश्य समाज के गणमान्य मौजूद रहे।

## पुरकाजी में श्रीबालाजी शोभायात्रा निकालने की तैयारी जोरों पर



पुरकाजी, 04 मई (बु.)। कस्बे में श्री बालाजी धाम सेवा समिति द्वारा 11वें वार्षिक उत्सव शोभायात्रा 10 मई को भव्यता के साथ निकाली जाएगी। श्री बालाजी धाम मंदिर सेवा समिति ने पत्रकार वार्ता का आयोजन कर बताया कि 10 मई में श्री बालाजी धाम शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से निकाली जाएगी तथा रात्रि में जागरण होगा। शोभायात्रा में कई बैंडबाजों के साथ झांकियां रहेंगी। 11 मई में सुबह संकट मोचन हवन होगा, जिसके बाद 56 भोग वितरण व विशाल भंडारा किया जाएगा। बताते चलें कि प्रतिवर्ष श्रीबालाजी धाम शोभायात्रा में बड़ी संख्या में आस पास के गांवों के साथ ही दूर-दराज से आए भक्तजन हिस्सा लेते हैं। शोभायात्रा का कस्बे में कई स्थानों पर स्वागत होता है। इस मौके पर श्री बालाजी धाम मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष व संस्थापक पंडित घनश्याम दास गुरुजी ने सभी भक्तों से भारी संख्या में शोभायात्रा में पहुंचने की अपील की। इस मौके पर निखिल गोयल, आशीष गोयल, पराग शर्मा, अनुज शर्मा आदि मौजूद रहे।

मकान बिकाऊ

एक मकान अलमासपुर, जानसठ रोड से 100 मीटर अन्दर, जिसमें 2 कमरे, लैट्रीन, बाथरूम नीचे व 2 कमरे प्रथम तल पर, कुल 50 गज में बने हुए हैं, बिकाऊ है।

मुकेश कुमार पुत्र स्व0 मदन लाल जी (आलू वाले)

निकट बाल विकास स्कूल, अलमासपुर

M.6398622898,9528261410

## फैक्ट्री में भीषण आग : मालिक और मजदूर की मौत, लाखों का नुकसान

लखनऊ, 04 मई (एजेंसी)। यूपी की राजधानी लखनऊ के सरोजनीनगर क्षेत्र स्थित गंगा नगर में शनिवार शाम एक ब्रेड और अन्य खाद्य पदार्थ बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से फैक्ट्री के मालिक अखिलेश और मजदूर अबरार की मौत हो गई। आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया और ऊंची लपटों व घने धुएं ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने के समय फैक्ट्री में करीब 10 मजदूर काम कर रहे थे, जो किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहे। हालांकि, अखिलेश और अबरार अंदर ही फंस गए। आग बुझने के बाद डेढ़-दो घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन में दमकलकर्मियों ने दोनों के शव बरामद किए। फैक्ट्री एक तीन मंजिला इमारत में संचालित थी। आग ने तीनों मंजिलों को अपनी चपेट में ले लिया। तीसरी मंजिल पर रखा एक केमिकल टैंक धमाके के साथ फट गया, जिससे आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई। इलाके की बिजली काट दी गई और टॉर्च की रोशनी में सर्च ऑपरेशन चलाया। सूचना मिलने पर मौके पर दमकल की 10 गाड़ियाँ पहुंचीं, जिन्होंने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान लाखों रुपए का सामान और एक कार भी जलकर राख हो गई। घटना के समय मवैया, आलमबाग निवासी अखिलेश किसी काम से फैक्ट्री में पहुंचे थे। उनके बेटे ने बताया कि हादसे के समय वह अंदर ही थे और आग में फंस गए। अमित कुमावत और कृष्णा नगर विकास पांडेय भी मौके पर पहुंचे और हालात को संभाला। आसपास के रिहायशी इलाके में अफरा-तफरी मच गई।



## पहलगाम की घटना को लेकर शिवसेना ने जताया विरोध

### - शिवसेना का बढ़ रहा कुनबा, युवा जिला प्रमुख का सौंपा जिम्मा

मुजफ्फरनगर, 04 मई (बु.)। शिवसेना वेस्ट यूपी प्रमुख ललित मोहन शर्मा के आह्वान पर पश्चिम उत्तर प्रदेश में शुरू सघन सदस्यता अभियान के तहत तीन दर्जन से अधिक युवाओं ने शिवसेना की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान शिवसेना के प्रदेश महासचिव संजीव शंकर, मंडल प्रमुख शरद कपूर व महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी ने युवाओं को पटका पहनकर शिवसेना की सदस्यता दिलाई। वेस्ट यूपी प्रमुख ललित मोहन शर्मा के निर्देश पर संजीव शंकर, पूनम चौधरी व शरद कपूर आदि ने रामपुरी निवासी हेमंत शर्मा को शिवसेना युवा इकाई का जिला प्रमुख नियुक्त करते हुए कहा कि शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे व राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अड़सूल के नेतृत्व में नवनियुक्त पदाधिकारी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने नवनियुक्त युवा जिला प्रमुख हेमंत शर्मा को एक माह में कार्यकारिणी व तहसीलों व ब्लॉक गठन के निर्देश दिए। पंडित संजीव शंकर व महिला मोर्चा जिला प्रमुख पूनम चौधरी ने कहा कि पिछले दिनों कश्मीर में हुए हिंदुओं के इस सामूहिक हत्याकांड मामले में भाजपा द्वारा ठोस कार्रवाई न करने की कड़ी आलोचना की। इस दौरान हेमंत शर्मा के साथ निशु, अंकुर जैन, हेमंत कश्यप, रोहन, हर्षित, रोहित, ललित, शैलेंद्र विश्वकर्मा, आशीष मिश्रा, संजीव वर्मा, गौरव शर्मा, अनुकूल जोशी, सनी सिरोही, पारस सिरोही, सागर बालियान, शुभम राजपूत, अक्षय दीवान, अंशु सिंह, राजन पंवार, शुभम सैनी, रोहित त्यागी, दीपक धीमान, अभिषेक शर्मा आदि युवा मौजूद रहे।



## पहलगाम की घटना में मारे गए हिन्दुओं को दी श्रद्धांजलि

### - संयुक्त हिन्दू मोर्चा ने किया आर्य समाज मंदिर में हवन

मुजफ्फरनगर, 04 मई (बु.)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में बीते दिनों हुई आतंकवादी घटना में मारे गए 28 हिंदुओं की रविवार को नगर मुख्यालय पर तेरहवीं करते हुए मृतक आत्माओं की शांति के निमित्त संयुक्त हिंदू मोर्चा ने हवन व शोक सभा करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। आर्य समाज मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में इस बीच संयुक्त हिंदू मोर्चा के आह्वान पर बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। सर्वप्रथम मंदिर प्रांगण में हवन का आयोजन करते हुए पहलगाम आतंकवादी घटना में मारे गए निर्दोष हिंदुओं की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके पश्चात शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में संयुक्त हिंदू मोर्चा अध्यक्ष मनोज सैनी ने कहा कि जन आक्रोश यात्रा में भाकियू नेता राकेश टिकैत के साथ जो घटना हुई, इसका सभी हिंदू संगठनों को अफसोस है और इस घटना ने हिंदू समाज को भी कमजोर करने का काम किया है। इस घटना के बाद आयोजकों ने मंच से इस घटना पर अफसोस व्यक्त कर दिया गया था पर जिस तरह बीते दिवस भाकियू के मंच से एक वक्ता ने जिस तरह से सर कलम करने की धमकी दी, उसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। साथ ही उन्होंने कैराना से हिंदुओं को पलायन करवाने वालों की हमदर्द सांसद इकरा हसन ने जो हिंदू संगठनों को आतंकवादी बताया यह उसकी राष्ट्रविरोधी सोच है। शोकसभा में मुख्य रूप से व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल, संजय अरोड़ा, डॉ. योगेंद्र शर्मा, सुनील तायल, राधेश्याम विश्वकर्मा, नीरज शर्मा, वागेश अग्रवाल, सचिन सिंघल, पंकज भारद्वाज, मुकेश आर्य, लोकेश सैनी, अमरीश गोयल, प्रवीण जैन, संदीप पुंडीर, सुधीर खटीक, सचिन सिंघल, अर्चित आर्य, दिनेश बंसल, शालू सैनी, सुभाष, अखिलेश शर्मा, सचिन त्यागी, मोहित सोलंकी, राजेश कश्यप, राजबहादुर सिंह, राजू सैनी, हरीश पालीवाल, अखिलेश पुरी, अमरीश गोयल, जितेंद्र गोस्वामी, आशीष शर्मा, हरेन्द्र शर्मा, रूद्र गोस्वामी, अंकित बालिया आदि उपस्थित रहे। उक्त शोक सभा का संचालन अनूप सिंह राठी एड. ने किया।

## स्वास्थ्य मेले में 102 मरीजों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

जानसठ, 04 मई (बु.)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. अजय कुमार की देखरेख में क्षेत्र के गांव सिखेड़ा, राजपुर कलां, मीरापुर, रामराज में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों ने 102 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उनको दवाई का वितरण किया। इस दौरान पीएचपी स्टाफ द्वारा महिलाओं को परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी दी गई तथा सामग्री वितरित की। एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को टीके लगाए गए। 29 मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर और खून की जांच भी स्वास्थ्य मेले में की गई। सीएचसी प्रभारी डॉ. अजय कुमार ने बताया कि पीएचसी राजपुर कलां में किसी डॉक्टर की तैनाती नहीं होने की वजह से स्टाफ नर्स शादाब ने मरीजों को दवाई का वितरण किया। इस दौरान डॉ. अजय, डॉ. नदीम, डॉ. सुषमा शर्मा, अब्दुल कलीम, गंभीर, जावेद आदि ने स्वास्थ्य मेले में सहयोग किया।

Young Indian Revolution

WE'RE HIRING (The Best Business Partner)

JOB REQUIREMENTS

- 12th Passed (CBSE/UP BOARD)
- ग्रेजुएशन (Freshers /College Students can apply)
- बाइक/स्कूटी वालों को वरीयता
- Age group to apply (18-50 yrs.)
- महिलाओं के लिए आकर्षक वेतन
- Only 4 to 5 hours working in a day
- Get Rs.10,000 to 60,000/- per month

मेगा HIRING कुल पद 50

Become The Part Of Young Indian Family

Area Of Work - मुजफ्फरनगर, जानसठ, बुढ़ाना, खतौली, देवबन्द, शामली, मेरठ, बागपत, रूड़की, हरिद्वार

आवेदन स्थानः- मुजफ्फरनगर

Send Resume- 6395842793 (केवल Whatsapp हेतु)

Email- sajal@youngindianrevolution.com

आवेदन- 10/5/2025 तक मान्य

